आबू रोड में महिला एवं पुरूष प्रतीक्षालय का रेलराज्यमंत्री ने किया उदघाटन

आबू रोड, 9 नवम्बर, निसं। आबू रोड के आदर्श रेलवे स्टेशन पर रेलवे तथा ब्रह्माकुमारीज संस्था के संयुक्त प्रयास से बना 150 लोगों के बैठने वाला वातानुकूलित प्रतीक्षालय का रेल राज्यमंत्री मनोज सिंन्हा ने उदघाटन किया। यह पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से सौ डस्टबिन, सौ बेंच, 60 सीसीटीवी कैमरे, 4 आरोह वाटर, स्वच्छता की 13 मशीने, भी रेलवे को सुपूर्द कर दिया गया।
इस अवसर पर रेलराज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने कहा कि रेल मंत्रालय ने पिछले कुछ वर्षों से राजस्थान के लिए बहुत कार्य किया है। इसी कड़ी में आबू रोड रेलवे स्टेशन को ब्रह्माकुमारीज संस्था और रेल मंत्रालय के बीच एमओयू किया गया। जिसके तहत स्वच्छता और अन्य कई सुविधाओं का रख रखाव ब्रह्माकुमारीज संस्थान करेगी। इससे प्रति महिने 6 लाख रेलवे को बचत होगी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्था के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, बीके भरत, बीके सोमशेखर, निर्मल, बीके संतोष समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।
ज्ञात हो कि ब्रह्माकुमारीज संस्था और रेलवे मंत्रालय के बीच एमओयू किया गया है। जिससे स्वच्छता का पूरा कार्य ब्रह्माकुमारीज संस्थान करेगी।

फोटो, 9एबीआरओपी, 1, 2, वातानुकूलित प्रतीक्षालय का उदघाटन करते मनोज सिन्हा तथा अन्य।